**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 08.05.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार–अजीत डोभाल ने कहा– पाकिस्तान के किसी भी कार्यवाही के लिए भारत जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।
- पी एम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किश्त जून में जारी की जाएगी।
- ग्रीष्मकालीन कार्निवल महोत्सव दस और ग्यारह मई को आयोजित होगा।
- गुरू रवीन्द्रनाथ टैगोर की एक सौ चौसठवीं जयंती कल मनाई जाएगी।

<><><><><><><>

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के कई नेता शामिल हुए।

उधर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह बैठक पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के एक दिन बाद हुई है। इससे पहले, श्री डोभाल ने पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में तमाम देशों के सुरक्षा सलाहकारों से भी बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि भारत का स्थिति को और बिगाड़ने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन यदि पाकिस्तान उकसावे वाली कोई कार्रवाई करता है तो भारत उसे जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।।

<><><><><><><>

किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान "प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि" शुरू की । इस योजना के तहत, पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000/– रुपये की वित्तीय सहायता मिलती है, जो 2000/– रुपये की तीन समान किस्तों में हर चार महीने में देय होती है। अब तक भारत सरकार द्वारा उन्नीसवीं किस्त जारी की जा चुकी है। उन्नीसवीं किस्त माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चौबीस फरवरी 2025 को सीधे पीएम किसान लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी की गई थी। बीसवीं किस्त अस्थायी रूप से जून 2025 के महीने में अप्रैल से जुलाई के बीच जारी हागी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पीएम–किसान के तहत कोई भी पात्र किसान छूटे नहीं, मंत्रालय ने एक मई 2025 से इक्कतीस मई 2025 तक एक महीने का राष्ट्रव्यापी पीएम–किसान अभियान शुरू किया है। छूटे हुए किसान दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। इस बारे में आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए कृषि विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. एस सी रेखा ने कहा–

<><><><><><><>

उद्योग विभाग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने कल गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। उद्योग निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यशाला में परियोजना मानचित्रण, परियोजना नियोजन और डेटा–लेयर एकीकरण शामिल हैं। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो एकीकृत बुनियादी ढाँचा नियोजन और प्रभावी परियोजना निष्पादन के लिए गति शक्ति मंच का उपयोग करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ग्रीष्मकालीन कार्निवल महोत्सव आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन दस और ग्यारह मई को दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक कार्बाइंस–कोव बीच पर आयोजित होगा। यह कार्निवल, द्वीपसमूह के उपराज्यपाल द्वारा शुरू किए गए आधिकारिक पर्यटन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूरे द्वीपों में स्थानीय पर्यटन, सांस्कृतिक समृद्धि और सतत प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इस महोत्सव में स्थानीय पर्यटन, द्वीपों की विरासत और सतत प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा, जो निवासियों और आने वाले पर्यटकों दोनों के लिए सांस्कृतिक, मनोरंजक और साहसिक गतिविधियों की एक झलक पेश करेगा। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्वीज़ प्रतियोगिताएं एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उचित रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। विभाग ने जनता और पर्यटकों को कार्बाइंस–कोव बीच पर ग्रीष्मकालीन कार्निवल महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। पर्यटकों एवं द्वीपवासियों के लिए यह मंच खुला है। प्रतिभागियों को कल सुबह दस बजे तक अपने नाम पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की एक सौ चौसठवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल शाम पांच बजे अंडमान क्लब में 'रवींद्र जयंती' मनाएगा। इस कार्यक्रम में टैगोर के साहित्यिक और कलात्मक योगदान के सम्मान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 'रवींद्र जयंती' नोबेल पुरस्कार विजेता कवि, लेखक और दार्शनिक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिन का प्रतीक है, जिनकी रचनाओं ने बंगाली साहित्य, संगीत और भारतीय संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। यह उत्सव आम जनता के लिए खुला है।

<><><><><><><>

वनवासी कल्याण आश्रम बकुलतला की ओर से रंगत के विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय में दो दिवसीय महिला सम्मेलन और प्रशिक्षण का आयोजन होगा। कल और दस मई को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाना और समुदाय के उत्थान के लिए प्रेरित करना हैं। सम्मेलन का उद्घाटन कल तीन बजे होगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की महिला प्रमुख बीना पानी मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम बकुलतला की समिति सदस्य लक्षमणी बाई ने कहा–

<><><><><><><>

तटीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। इस अवसर पर ज़िले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनता, विशेष रूप से युवाओं और पुलिस कर्मियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इसका प्राथमिक उद्देश्य तटीय सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और हमारी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। इसके अलावा, इन कार्यक्रमों ने पुलिस और नागरिकों के बीच अनौपचारिक बातचीत के लिए एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया, जिससे बाधाओं को तोड़ने और आपसी समझ को बढ़ावा देने में मदद मिली। आम जनता से अनुरोध है कि वे किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी विश्वसनीय जानकारी अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें।

<><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी, कार–निकोबार ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों के नाम है – जेण्डर स्पेस्लिस्ट, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक और डाटा इंट्री ऑपरेटर। यह नियुक्तियां ज़िला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के तहत अनुबंध के आधार पर की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार तीस मई शाम पांच बजे तक अपने आवेदन स्पीड–पोस्ट अथवा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>